-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.03.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूरे होने तथा महाकुंभ को सकुशल संपन्न कराए जाने पर आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय समारोह के क्रम में आज पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के भोज (बड़ा खाना) का किया गया आयोजन।**

विवरण- प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूरे होने तथा महाकुंभ के को सकुशल संपन्न कराए जाने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन बांदा में आज दिनांक 27.03.2025 को पुलिसकर्मियों के लिए भोज (बड़ा खाना) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री एस राजेश व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल सहित सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुलिसकर्मियों को भोजन परोसा गया साथ ही उनके साथ बैठ कर भोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक ने शानदार ड्यूटी कर महाकुंभ को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस कर्मियों के अथक परिश्रम एवं योगदान की सराहना की।